देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 47 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
ज्यादा अनिश्चितताएं चीन के साथ



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 19 मई 2024



मौसम अधिकतम 39.0° न्यूनतम 26.0°

74005.94

2 मालदीव को चीन देगा राहत!
7 अपनी किस्मत के खुद मालिक हैं रोहित

# पाकिस्तान के हाथ में है भीख का कटोरा: पीएम

## अंबाला में प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी मुल्क पर बोला हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अंबाला। हरियाणा में पीएम मोदी ने शनिवार को अंबाला और सोनीपत में रैली के लिए पहुंच गए हैं। इस दौरान वो अंबाला कुरुक्षेत्र और करनाल के मतदाताओं को साधने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, रतनलाल कटारिया की पहली पुण्यतिथि पर चुनावी रैली को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान पर भी हमला बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान के हाथ में भीख का कटोरा है। पीएम मोदी ने कहा कि जो पाकिस्तान 70 वर्षों से भारत को परेशान कर रहा था, जिसके हाथ में बम का गोला रहता था, आज उसके हाथ में भीख का कटोरा है। जब धाकड़ सरकार होती है, तो ऐसे ही दुश्मन कांपता है।

आज दुनिया के सामने भारत सुपर फूड लेकर आया है। न्यूट्रिशियन की दुनिया में भारत बहुत कुछ देने की ताकत में है। पोषक आहार का हब बनाने की हमारे में ताकत है। हरियाणा का किसान जो मोटा अनाज उगाता है, उसे मोदी दुनिया तक पहुंचाना चाहता है। सुपर फूड की पहचान हरियाणा और राजस्थान के किसानों से है, यह उनके लिए बड़ा अवसर है। मोदी ने कहा कि हम दुनिया की सबसे बड़ी योजना लेकर आए हैं। हम दो लाख से ज्यादा गोदाम बनाने पर काम कर रहे हैं, हमारे देश में अनाज के इतने बड़े भंडारण होंगे, उस दिशा में काम कर रहे हैं। पांच साल में हम आलू, प्याज और टमाटर किसानों के लिए विशेष कलस्टर बनाएंगे। मोदी की एक और गारंटी, खेती में ड्रोन क्रांति की है और इसकी जिम्मेदारी माताओं व बहनों की है कि मैं गांव की महिलाओं को ड्रोन पायलट, लाखों रुपये का ड्रोन दे रहा हूं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमारे बहुत पुराने साथी, जिन्होंने संगठन में भी काम किया, सरकार में भी काम किया, घ्हमारे रतन लाल कटारिया जी की बरसी है। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। 4 जून में अब सिर्फ 17 दिन बचे है। चार चरणों के चुनाव में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सभी साथी चारों खाने चित्त हो चुके हैं। इंडी गठबंधन वालों ने देश के खिलाफ जो भी दांव–पेंच चले थे, उन्हें चुनाव के मैदान में जनता–जनार्दन ने खुद पटखनी दे दी है।

### साहिबजादों की याद में शुरू किया वीर बाल दिवस

पीएम मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार है, जो अफगानिस्तान के युद्धक्षेत्र से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को अदब के साथ स्वदेश लाई। हमारी सरकार ने ही साहिबजादों की याद में वीर बाल दिवस मनाना शुरू किया है।



### कांग्रेस का इतिहास, फौजियों को धोखा देने का रहा है

देश का पहला घोटाला कांग्रेस ने भारत की सेना में ही किया था। इस ट्रैक रिकॉर्ड को कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, हमेशा बनाए रखा। बोफोर्स घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला... कांग्रेसी, भारत की सेनाओं को कमजोर बनाकर रखते थे ताकि विदेश से हथियार मंगाने के नाम पर मोटी कमाई कर सकें। हमारे सैनिकों को कपड़े, जूते, बुलेट प्रूफ जैकेट भी ठीक से नसीब नहीं होते थे। उनके पास अच्छी राइफल तक नहीं थीं। मैंने भारत की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान शुरु किया। आज सेना को मेड इन इंडिया हथियार मिल रहे हैं। जो भारत कभी दूसरे देशों से हथियार मंगाता था, वो अब दूसरे देशों को हथियार बेच रहा है।

### नाम बदलने से असलियत नहीं बदलती

पीएम मोदी ने कहा कि नाम बदलने से असलियत नहीं बदलती है। ये इंडी गठबंधन वाले, वही भ्रष्टाचारी और घोटालेबाजों की जमात हैं। इन्हें किसी भी कीमत पर सत्ता चाहिए। कीमत है... देश की सुरक्षा, देश की स्थिरता, देश का सम्मान और पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। कांग्रेस 10 साल से सत्ता से बाहर है, इसलिए पूरी तरह बौखला रही है। इन्हें वो पुराने दिन याद आ रहे हैं, जब शाही परिवार रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाता था। सारी योजनाएं एक ही परिवार के नाम पर होती थीं। योजनाओं के नाम पर देश का पैसा भ्रष्ट लोगों की तिजोरियों में जाता था, लाखों–करोड़ों रुपये के घोटाले होते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के लोगों को डरने की जरूरत नहीं: शाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बांदा। गृह मंत्री अमित शाह ने यूपी के बांदा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर सीधा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि पाकिस्तान के पास तो एटम बम है पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को मत मांगों। शाह ने कहा कि हम तो भाजपा वाले हैं हम डरना नहीं जानते। पीओके भारत का हिस्सा है और रहेगा। फारूख अबदुल्लाह और मणिशंकर अय्यर भारत के लोगों को डराते हैं।

### कई महीनों से बीजेपी के संपर्क में थी स्वाति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी मामले में पुलिस पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा भाजपा पूरी मशीनरी गृह मंत्रालय से लेकर दिल्ली पुलिस तक कैसे काम कर रही है, उसका प्रमाण कल तीस हजारी कोर्ट के सामने आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वाति पिछले कई महीनों से बीजेपी के संपर्क में थी।

# जिसे जेल में डालना चाहते हैं डाल दें...

## आज 12 बजे आप नेताओं के साथ बीजेपी हेडक्वार्टर जाएंगे सीएम केजरीवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शनिवार को स्वाति मालीवाल मामले में दिल्ली पुलिस ने अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद अब सीएम अरविंद केजरीवाल शाम पांच बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज 12 बजे अपने नेताओं के साथ बीजेपी हेडक्वार्टर आ रहा हूं, जिसे जेल में में डालना चाहते हैं जेल में डाल दें।

हमार कसूर ये है कि हमने दिल्ली के अंदर सरकारी स्कूल शानदार बनाए। ये नहीं बना सके। हमारा कसूर ये है कि पहले दिल्ली में 10–10 घंटे का पावर कट लगता था लेकिन हमने 24 घंटे बिजली दी है। ये उस बिजली को रोकना चाहते हैं। ये फ्री बिजली को बंद करना चाहते हैं। ऐसे में मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहता हूं कि प्रधानमंत्री जी ये आप जेल का खेल रहे हैं कल मैं 12 बजे अपने बड़े नेताओं के साथ बीजेपी हेडक्वार्टर आ रहा हूं। जिस जिसको आप जेल में डालना चाहते हैं सबको डाल दो।

आपको लगता है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डालकर पार्टी को खत्म करना चाहते हैं। आप डालकर देख लो क्योंकि आम आदमी पार्टी एक विचार है जो पूरे देश के लोगों के दिल में चला गया है। आप जितने आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डालेंगे उससे 100 गुना नेता ये देश पैदा करेगा। मैं 12 बजे बीजेपी हेडक्वार्टर आ रहा हूं आपको जिसको जेल में डालना है डाल दीजिए।

### आप नेताओं के पीछे पड़ गए ये लोग

सीएम केजरीवाल ने कहा कि आप लोग देख रहे हैं कि ये लोग किस तरह से आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गए हैं। एक के बाद एक नेताओं को जेल में डाल रहे हैं। इन्होंने मुझे जेल डाल दिया सत्येंद्र जैन को जेल में डाल दिया, मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया, संजय सिंह को जेल में डाल दिया। आज मेरे पीए को जेल में डाल दिया। अब ये कह रहे हैं कि राघव चड्ढा लंदन से आए हैं तो उन्हें भी जेल में डालेंगे। मैं ये सोच रहा था कि ये लोग हम सभी लोगों को जेल में क्यों डालना चाहते हैं? हमारा कसूर क्या है?

# मौदानी राज्यों में भीषण लू चलने की संभावना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू ने लोगों को बेहाल कर दिया है। लू के थपेड़ों ने जन–जीवन अस्त–व्यस्त कर दिया है। इस बीच मौसम विभाग ने शनिवार की दोपहर को न्यूज बुलेटिन जारी किया। आईएमडी के मुताबिक, अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर–पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में लू के थपेड़े लोगों को झूलसा देंगे, यानी आने वाले दिनों में लोगों को लू से निजात नहीं मिलेगी। इसके साथ ही मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान पूर्वी–मध्य भारत में हीट वेव की स्थिति जारी रह सकती है। आईएमडी ने अनुमान जताते हुए कहा कि दक्षिण भारत में 23 मई तक भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। साथ ही 19–21 मई के दौरान तेज बारिश होने की उम्मीद जताई है।

अनुमान जताया गया है कि दक्षिण–पश्चिम मॉनसून 19 मई के आसपास दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में आगे बढ़ने की संभावना है।

आईएमडी ने आगे बताया है कि आगरा, बागपत , गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद और मथुरा में आगामी 24 से 48 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर उष्ण लहर से तीव्र उष्ण लहर (लू) चलने की संभावना है। विभाग ने ओडिशा के अलग–अलग इलाकों में भी लू चलने की संभावना जताई है।

### अलर्ट

■आया मौसम विभाग का ताजा अलर्ट

### इन राज्यों में भीषण लू चलने की संभावना

मौसम विभाग ने राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम–पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार और गुजरात में के कुछ हिस्सों में भीषण लू चलने की संभावना जताई है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# किर्गिस्तान में हिंसा को लेकर भारत भी अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में स्थानीय और विदेशी छात्रों के बीच हिंसक झड़प हुई है। इस हिंसा में पाकिस्तान के तीन छात्रों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, 13 मई को किर्गिज छात्रों और मिस्र के मेडिकल छात्रों के बीच लड़ाई हुई।

इसके बाद मामले में तूल पकड़ लिया। स्थानीय छात्रों ने विदेशी छात्रों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। किर्गिस्तान हिंसा की कई वीडियो को पाकिस्तानी छात्रों ने सोशल मीडिया के जरिए शेयर करते हुए मदद की अपील की।

किर्गिस्तान में हिंसा को लेकर भारत भी अलर्ट है। शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, बिश्केक में भारतीय छात्रों के हालात पर निगरानी रखी जा रही है। बताया जा रहा है कि स्थिति अब शांत है। छात्रों को दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है।

किर्गिस्तान में मौजूद भारतीय दूतावास ने लिखा, हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे फिलहाल घर के अंदर ही रहें।

### छात्रों को दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की सलाह

# चिनफिंग-पुतिन की दोस्ती से अमेरिका की बढ़ रही टेंशन

रिपोर्ट

## चीन के समर्थन पर अमेरिका ने जताई गंभीर चिंता

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वाशिंगटन। अमेरिका के एक शीर्ष रक्षा अधिकारी ने अपने चीनी समकक्ष को रूस के साथ चीन के बढ़ते सहयोग के बारे में चेतावनी दी है। दरअसल, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात की थी। दोनों देशों ने अपने बीच संबंधों को मजबूत करने का भी संकल्प लिया था। बता दें कि पुतिन, मास्को और बीजिंग के बीच संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए चीन की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर थे, जिसके दौरान उन्होंने और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग ने साझेदारी के नए युग की प्रतिज्ञा की।

इंडो-पैसिफिक सुरक्षा मामलों के लिए अमेरिकी सहायक रक्षा सचिव एली रैटनर ने शुक्रवार को चीन के मेजर जनरल ली बिन, अंतर्राष्ट्रीय सैन्य सहयोग के लिए केंद्रीय सैन्य आयोग कार्यालय के निदेशक के साथ वीडियो टेलीकांफ्रेंसिंग के जरिए बात की। इस दौरान रैटनर ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच संबंधों के साथ-साथ रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के लिए चीन के समर्थन पर गंभीर चिंता पर चर्चा की।



अमेरिकी रक्षा सहायक सचिव ने यह भी दोहराया कि संयुक्त राज्य अमेरिका एक चीन नीति के प्रति प्रतिबद्ध है। साथ ही अमेरिकी अधिकारी ने अपने चीनी समकक्ष से दक्षिण चीन सागर के तट के पास चीन और फिलीपींस के बीच बढ़ते तनाव के बारे में भी बात की। इस पर अब, चीन ने ताइवान के साथ सैन्य मिलीभगत के लिए अमेरिका की आलोचना की है।

बीजिंग मुख्यालय वाले ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, अमेरिका और ताइवान के बीच सैन्य मिलीभगत और साथ ही ताइवान स्वतंत्रता बलों के अलगाववादी कृत्य ताइवान जलडमरूमध्य में वर्तमान स्थिरता में व्यवधान के मुख्य स्रोत हैं। प्रवक्ता ने कहा, चीन किसी भी ताइवान स्वतंत्रता अलगाववादी गतिविधियों और विदेशी मिलीभगत और समर्थन के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक जवाबी कदम उठाएगा।

सैटेलाइट के मामले में फिलहाल यूक्रेन की तुलना में रूस को नुकसान हो सकता है। क्योंकि पश्चिमी देशों के खुफिया सैटेलाइट का एक बड़ा नेटवर्क मदद कर रहा है। रूस की टॉप सीक्रेट सैटेलाइट को शुक्रवार को देश के उत्तर में प्लेसेत्स्क कॉस्मोड्रोम से सोयुज 2.1 बी वाहक रॉकेट से लॉन्च किया गया था। यार्स मिसाइलें वर्तमान में रूसी रणनीतिक परमाणु बलों के जमीनी घटक का मुख्य तत्व हैं। ये मिसाइल 12000 किमी दूर तक मार सकता है, जिसका मतलब है कि रूस यूरोप से लेकर अमेरिका तक परमाणु हथियार पहुंचा सकता है।

## न्यूज डायरी



### कर्ज के संकट में फंसे मालदीव को चीन देगा राहत!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। अंतररष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से मालदीव को बढ़ते कर्ज के लिए चेताया गया है। आईएमएफ के मालदीव को बाहरी और समग्र ऋण संकट के उच्च जोखिम की चेतावनी दिए जान के बाद चीन की ओर से अहम बयान आया है। मालदीव के सबसे बड़े ऋणदाता चीन ने कहा है कि माले और बीजिंग के बीच लोन रीपेमेंट में कुछ राहत प्रदान करने के लिए चर्चा हो रही है। ऐसे में उम्मीद है कि चीन की ओर से आने वाले समय में मालदीव को कर्ज पर कुछ राहत का ऐलान हो सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मालदीव में चीन के राजदूत वांग लिक्सिन ने इस मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि ऋण पुनर्गठन (रीस्ट्रक्चरिंग) कोई स्थायी समाधान नहीं है। इससे कहीं ना कही मालदीव को बीजिंग से भविष्य में वित्तीय सहायता मांगने में भी बाधा आएगी। वांग ने बताया कि चीन और मालदीव की एक तकनीकी टीम इस मुद्दे पर वार्ता कर रहे हैं। आईएमएफ की ओर से 13 मई को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मालदीव का मुख्य रूप से द्विपक्षीय और वाणिज्यिक ऋणदाताओं पर बकाया बाहरी सार्वजनिक और सार्वजनिक गारंटी (पीपीजी) ऋण 2022 में 3,072 मिलियन डॉलर (सकल घरेलू उत्पाद का 49 प्रतिशत) हो गया है। ये 2021 से 3,046 मिलियन डॉलर ज्यादा है।

### नैंसी पेलोसी के पति पर हथौड़े से वार करने वाले आरोपी को हुई 30 साल की जेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सैन फ्रांसिस्को। अमेरिकी संसद की तत्कालीन अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के घर में घुसकर उन्हें बंधक बनाने और उनके पति पर हथौड़े से हमला करने वाले व्यक्ति को 30 साल की जेल की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने 44 वर्षीय डेविड डेपेप को सजा सुनाई है। पिछले नवंबर जूरी सदस्यों ने आरोपी डेविड को इस मामले में दोषी पाया गया था। अभियोजकों ने 40 साल की जेल की सजा मांगी थी। उस समय 82 वर्षीय पॉल पेलोसी पर हमला 2022 के मध्यावधि चुनावों से कुछ दिन पहले हुआ था और घटना का पूरा वीडियो पुलिस बॉडी कैमरा पर कैद हो गया था, जिससे राजनीतिक जगत में हलचल मचा दी थी। पॉल पेलोसी के सिर पर दो घाव हुए थे। उनका दाहिना हाथ और हाथ भी घायल हो गया। जज जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने डेपेप को अपहरण के प्रयास के लिए 20 साल और हमले के लिए 30 साल की सजा सुनाई, जो दोनों मामलों में अधिकतम है। सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अदालत में दोपहर के अपने प्रस्ताव में, अमेरिकी अटॉर्नी के कार्यालय ने कहा कि डेपेप को सजा सुनाए जाने से पहले अदालत ने बोलने का मौका नहीं दिया और यह एक मुद्दा बन सकता है। बता दें कि डेविड ने पुलिस के सामने हथौड़े से हमला करने की बात भी स्वीकारी थी। इस पर न्यायाधीश ने कहा कि एक संघीय अधिकारी के घर में घुसकर हमला करना देश के इतिहास में एक अभूतपूर्व कृत्य है।

### व्हाइट हाउस ने कहा- दुनिया में इंडिया जैसी डेमोक्रेसी बहुत कम


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुनिया में भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र बहुत कम हैं। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विश्व में ऐसे देश अधिक नहीं है जहां भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र हो। हम मताधिकार का इस्तेमाल करने और सरकार चुनने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। किर्बी से भारत में जारी आम चुनावों को लेकर सवाल किया गया था जिनके तहत 96 करोड़ 90 लाख से अधिक लोग 2,660 पंजीकृत राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों उम्मीदवारों में से 545 सांसदों का चुनाव करने के लिए 10 लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के विशेष रूप से पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं।

## यमन में हूतियों ने मार गिराया अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सना। अमेरिका का एक और महाशक्तिशाली डफ-9 रीपर किलर ड्रोन यमन में तबाह हो गया है। यमन के हूती चरमपंथियों ने अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने का दावा किया। इसके कुछ घंटे पहले ही फुटेज सामने आया था, जिसमें अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर का मलबा दिखाई दे रहा था। अमेरिका के बेहद ही अत्याधुनिक और शक्तिशाली ड्रोन माने जाने वाले एमक्यू-9 रीपर के लिए यमन बेहद खतरनाक जगह साबित हो रहा है। साल भर में छठां एमक्यू-9 है, जिसे हूतियों ने अपनी मिसाइल से निशाना बनाकर मार गिराया है। इसके बाद शनिवार सुबह हूतियों ने लाल सागर में एक जहाज को भी निशाना बनाया है।

हूती चरमपंथियों के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि विद्रोहियों ने गुरुवार को अमेरिकी रीपर ड्रोन को जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल से हमला करके नष्ट कर दिया। हूती प्रवक्ता ने बताया कि रीपर ड्रोन यमन के मारिब प्रांत में शतुत्रापूर्ण कार्रवाई में शामिल था। ये इलाका यमन की निर्वासित सरकार और उसके गठबंधन सहयोगियों के कब्जे में है।

एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, हूती चरमपंथियों ने बाद में ड्रोन को मारे गिराए जाने का फुटेज भी जारी किया।



## गाजा में भीषण लड़ाई जारी, पीछे हटने को तैयार नहीं इजरायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। गाजा में भीषण लड़ाई के बीच इजरायल ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में जाकर अपने हमलों का औचित्य साबित करने की कोशिश की है। कहा कि गाजा में उसकी सैन्य कार्रवाई आत्मरक्षा और अपने सुरक्षित भविष्य के लिए है। दक्षिण अफ्रीका की युद्ध रोकने की याचिका पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय सुनवाई कर रहा है। इस बीच इजरायली सेना ने दावा किया है कि हाल के दिनों में उसने जबालिया शरणार्थी क्षेत्र में कार्रवाई में 60 से अधिक फलस्तीनी लड़ाकों को मारा है। जबकि रफाह में हमास और इस्लामिक जिहाद ग्रुप के लड़ाके राकेट और मोर्टार से इजरायली सेना का कड़ा मुकाबला कर रहे हैं। युद्ध के सात महीने पूरे होने के बाद भी गाजा के कई इलाकों में इजरायली सेना और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच भीषण लड़ाई चल रही है।

## सीजफायर डील नकारने पर हमास नेताओं से चिढ़ गया था कतर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■देश छोड़ने का दे दिया था आदेश

दोहा। कतर ने गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई पर समझौता ना होने के बाद हमास पर गुस्सा निकाला था और उनको देश छोड़ने के लिए कह दिया था। हमास और इजरायल के बीच मध्यस्थता कर रहे कतर के अधिकारियों ने ये खुलासा किया है। इजरायल ने दो सरकारी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि कतर ने पिछले महीने बंधक वार्ता पर हमास के रुख से निराश होकर उनके नेताओं को दोहा छोड़ने के लिए कहा था। इजरायल-हमास युद्ध के बाद पहली बार कतर ने ऐसा कदम उठाया। इसका मकसद हमास पर वार्ता में समझौता करने के लिए दबाव डालना था। इसके बाद कुछ समय के लिए हमास नेताओं ने कतर छोड़ भी दिया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि कतर का यह निर्देश 17 अप्रैल को प्रधान मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अलथानी की घोषणा के तुरंत बाद आया कि दोहा ने अपनी मध्यस्थ भूमिका की समीक्षा शुरू करने का फैसला किया है। बंधक वार्ता के बीच इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कतर की लगातार आलोचना के बाद अलथानी की हताशा सामने आई। इजरायल ने कतर पर हमास पर पर्याप्त रूप से दबाव डालने में फेल होने का मुद्दा बनाया है।

अधिकारियों ने कहा कि प्रधान मंत्री के समीक्षा करने का फैसला हमास के साथ बातचीत में नाकामयाबी की निराशा से उपजा है। कतर छोड़ने के लिए कहे जाने के बाद हमास नेताओं ने तुर्की की यात्रा की और वे कई हफ्तों तक वहां रहे। इस दौरान हमास के सीनियर नेतीओं की तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से मुलाकात भी की। दोहा में बीते महीने हो रही हमास और इजरायल के सीजफायर की वार्ता रुकने के बाद कतर ने हमास के नेताओं को सूचित किया कि वे दोहा लौट सकते हैं। कुछ हफ्ते पहले कतर और मिस्र की मध्यस्था में युद्ध विराम प्रस्ताव पर बात तय हो गई है।

## ईरान ने बनाई हैं अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान के बारे में दावा है कि उसने जमीन के नीचे मिसाइल रखे हुए हैं और वह नई पीढ़ी के भयानक हथियार बनाने की दिशा में काम कर रहा है। पश्चिम और विशेष रूप से इजराइयल के साथ तनाव के बीच ईरान ने अपने परमाणु शस्त्रागार को मजबूत करना जारी रखा है। परमाणु हथियार विशेषज्ञों ने भी चेतावनी दी है कि तेहरान अपने सीक्रेट परमाणु केंद्रों में से एक से छह महीने में एक बम बना सकता है। द सन की रिपोर्ट कहती है कि इन केंद्रों को ईरान ने विशाल सुरंगों के जाल के जरिए जोड़ा हुआ है। इनका सटीक स्थान ज्ञात नहीं हैं लेकिन ऐसा माना जाता है कि ईरान ने राजधानी के बाहर कम से कम सात अलग-अलग स्थानों पर परमाणु हथियार छिपाए हैं। ये सभी जमीन के नीचे 1,640 फीट की गहराई पर दबे हुए हैं। इन परमाणु ठिकानों में सड़क-मोबाइल ट्रांसपोर्टर इरेक्टर लॉन्चर ट्रक और दूसरे हार्डवेयर के साथ भूमिगत ठिकानों से लॉन्च करने के लिए तैयार की गई अलग-अलग रेंज की मिसाइलें हैं।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट विधि विधान के साथ खुले

आस्था

## सैकड़ों शिव भक्तों ने किए भगवन रुद्रनाथ के निर्वाण दर्शन

**संवाददाता**

चमोली। चमोली जनपद के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित पंच केदारों में से चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट शनिवार को ब्रह्म मुहूर्त में ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए गए हैं। इस मौके पर यहां मुख्य पुजारी आचार्य वेद प्रकाश भट्ट ने पौराणिक परंपराओं के अनुसार पूजा–अर्चना कर मंदिर के कपाट खोले। मंदिर के कपाट खुलने के मौके पर सैकड़ों की संख्या में शिव भक्तों ने भगवान रुद्रनाथ के दक्षिणमुखी मुखारबिंद के निर्वाण दर्शन कर पूजा अर्चना की। रुद्रनाथ भगवान की विग्रह डोली ने 16 मई को अपने शीतकालीन गद्दी स्थली गोपीनाथ मंदिर से रुद्रनाथ मंदिर के लिये प्रस्थान किया। जिसके बाद यात्रा रात्रि प्रवास के लिये ल्वींटी बुग्याल पहुंची। जहां 17 मई को प्रातः कालीन पूजा अर्चना के बाद चल विग्रह दोपहर में रुद्रनाथ धाम पहुंचा। जहां 18 मई को पूजा–अर्चना के बाद मंदिर के कपाट



ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए गए हैं। रुद्रनाथ मंदिर के कपाट खुलने के मौके पर उम्मीदें ग्रुप और गोपीनाथ रुद्रनाथ मंदिर समिति की ओर से मंदिर को गेंदे के फूलों से सजाया गया था। जबकि उम्मीदें ग्रुप की ओर से मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया। पंडित हरीश भट्ट का कहना है कि रुद्रनाथ देश में एकमात्र मंदिर है। जहां भगवान शिव के दक्षिणमुखी एकानन मुखमंडल के दर्शन होते है। ऐसे में यह स्थान शिव भक्तों के लिये पौराणिक काल से ही आस्था और विश्वास का प्रतीक रहा है। इस मौके पर मनोज बिष्ट, प्रबोध डिमरी, प्रवीण, मनोज जुयाल, अमित एस नेगी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज डायरी :

### श्री केदारनाथ धाम में उमड़ा रहा है आस्था का सैलाब

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम के कपाट देश–विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ 10 मई 2024 को खोल दिये गये थे। श्री केदारनाथ धाम की यात्रा में एक नया रिकॉर्डध्कीर्तिमान स्थापित किया है कि कुल आठ ही दिनों में 2,15,930 श्रद्धालुओं ने बाबा श्री केदारनाथ के दर्शन कर लिए है, जिसमें से 10 हजार 70 श्रद्धालुओं ने हेली सेवा के माध्यम से बाबा केदार के दर्शन किये है तथा 47 हजार 8 सौ 6 श्रद्धालुओं द्वारा घोड़े–खच्चरों के माध्यम से तथा 1 हजार 4 सौ 28 श्रद्धालुओं ने डंडी के माध्यम से एवं 1 हजार 8 सौ 51 श्रद्धालुओं ने कंडी के माध्यम से बाबा श्री केदार के दर्शन किये है, तथा 1 लाख 54 हजार 775 श्रद्धालुओं ने पैदल ट्रैक रूट से चलकर श्री केदारनाथ धाम के दर्शन किये। श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित यात्रा संचालित हो इसके लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे है।

### केदारनाथ धाम तक निरंतर हो रही है साफ–सफाई व्यवस्था

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों को साफ–सुथरा वातावरण उपलब्ध हो, इसके दृष्टिगत जिला पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं सुलभ इंटरनेशनल द्वारा अपने–अपने क्षेत्रांतर्गत निरंतर बेहतर साफ–सफाई की व्यवस्था पर्यावरण मित्रों द्वारा की जा रही है। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ चंद्रशेखर चौधरी ने अवगत कराया है कि श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को साफ–सुथरा वातावरण उपलब्ध हो, इसके लिए नगर पंचायत केदारनाथ के पर्यावरण मित्रों द्वारा केदारनाथ धाम में निरंतर साफ–सफाई व्यवस्था की जा रही है।

### उप जिला चिकित्सालय पुरोला के नाम जुडी एक ओर सफलता

**संवाददाता** पुरोला। उप जिला चिकित्सालय पुरोला में क्षेत्र के लिए एक खुशी की खबर है। ग्राम पंचायत कोटी की प्यार देवी पत्नी रणबीर सिंह काफी समय से कान के दर्द से पीड़ित थी जिसको उप जिला चिकित्सालय पुरोला में भर्ती कराया गया। जहां डा. सोनम भंडारी असवाल के द्वारा दूरबीन द्वारा सफल आपरेशन किया गया। इससे पहले भी प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ मनोज असवाल के द्वारा एक व्यक्ति की निमोथैरपी कर सफल आपरेशन किया गया। उल्लेखनीय है कि पर्वतीय क्षेत्रों में पूर्व से छोटी–छोटी बिमारियों के लिए रैफर बने अस्पतालों में अब क्षेत्र के गरीब लोगों को आस जगने लगी है।

## प्रकृति प्रेमियों के लिए 1 जून से खुलेगी फूलों की घाटी

**संवाददाता** चमोली। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी ट्रेक 01 जून,2024 से पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी। फूलों की घाटी ट्रेक अपने फूलों के लिए दुनिया भर में मशहूर है। फूलों की घाटी दुर्लभ हिमालयी वनस्पतियों से समृद्ध है और जैव विविधता का अनुपम खजाना है। यहां 500 से अधिक प्रजाति के रंग बिरंगी फूल खिलते है। प्रकृति प्रेमियों के लिए फूलों की घाटी से टिपरा ग्लेशियर, रताबन चोटी, गौरी और नीलगिरी पर्वत के बिहंगम नजारे भी देखने को मिलते है। फूलों की घाटी 30 अक्टूबर तक पर्यटकों के लिए खुली रहेगी।

उप वन संरक्षक बीबी मर्तोलिया ने बताया कि फूलों की घाटी के लिए पर्यटकों का पहला दल 01 जून को घांघरिया बेस कैंप से रवाना किया जाएगा। पर्यटकों को फूलों की घाटी का ट्रेक करने के बाद उसी दिन बेस कैंप घांघरिया वापस आना होगा। बेस कैंप घांघरिया में पर्यटकों के ठहरने की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि वैली ऑफ फ्लावर ट्रैकिंग के लिए देशी नागरिकों को 200 रुपये तथा विदेशी नागरिकों के लिए 800 रुपये ईको ट्रेक शुल्क निर्धारित किया गया है। ट्रेक को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है।



### वनकर्मियों ने सड़क किनारे से हटाया पिरुल

**संवाददाता** पुरोला। टौंस वन प्रभाग सिंगतूर रेंज के अंतर्गत वन कर्मियों द्वारा मोरी पुरोला मोटर मार्ग पर नियमित पिरुल को हटाया जा रहा है जिससे वनों को आग से बचाया जा सके। वनकर्मियों द्वारा सांद्रा रेंज, देवता व सिंगतूर रेंज के गांव – गांव में गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। दूसरी ओर रेंज अधिकारी अमिता चौहान थपलियाल ने बताया कि वनों की अग्निकाल में आग से सुरक्षा हेतु गांव गांव में गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है व वनकर्मियों के द्वारा मोटर मार्ग के दोनों ओर चीड़ पिरुल आदि ज्वलनशील पदार्थ एकत्रीकरण अग्नि सुरक्षात्मक कार्य जारी है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वनों को आग से बचाने में अपना सहयोग दे। इस मौके पर वन दरोगा अनिल कुमार हिंगवाण,शिबेशवर पैन्यूली,सबला राम, प्रितम नेगी,बिरजचंद रमोला आदि मौजूद थे।

## बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला हुई तैनात

**संवाददाता**

चमोली। चारधाम यात्रा को देखते चमोली जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन की ओर से नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिये बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला की तैनाती की गई है। जिसके माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। जिसके तहत शनिवार को चमोली बाजार में 70 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर मौके पर ही जांच की गई।

बदरीनाथ यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त भोजन की उपलब्ध करने के उद्देश्य से शनिवार को एफडीए

### मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण वाले की मदद से खाद्य पदार्थों की मौके पर ही की जा रही जांच

उत्तराखंड एवं जिला प्रशासन, चमोली की संयुक्त टीम ने यात्रा मार्ग पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान यात्रा मार्ग पर तैनात मोबाईल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला में बाजारों से लिए 70 खाद्य पदार्थों की नमूनों की जांच की गई। जिनमें से 13 खाद्य पदार्थ मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। हालांकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता मानव के असुरक्षित नहीं पाया गया। जिस पर कारोबारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही टीम ने निरीक्षण के दौरान दो दुकानों में कालातीत हुई सामग्री को नष्ट करवा दिया है। अभिहित अधिकारी अमिताभ जोशी ने बताया कि मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला में किए गए परीक्षण की जानकारी कारोबारियों और अन्य को दी गई। साथ ही खाद्य पदार्थों गुणवत्ता को लेकर भी जानकारी दी गई। कहा कि होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ ही सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। बताया कि जनपद चमोली में खाद्य सुरक्षा को लेकर निरंतर औचक निरीक्षण की प्रक्रिया जारी रहेगी।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे, कनिष्ठ खाद्य विश्लेषक मोबाईल लैब रमेश चन्द्र जोशी आदि मौजूद थे।

## बांगुर सीमेंट ने लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

**संवाददाता** देहरादून। बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं। बांगुर सीमेंट इस प्रयोजन के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी कर रहा है।

*अगर आप किसी की खुशियां लिखने वाली पेंसिल नहीं हो सकते है, तो एक अच्छा सा इरेजर बनिए जो उनका दुःख मिटा दे। –अज्ञात*



विचार-प्रवाह देहरादून, रविवार, 19 मई 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# छवि की चिंता

**कुछ ताकतवर लोग खुद को नियम–कानून से ऊपर समझते हैं और तंत्र अपने लुंज–पुज व्यवहार से उनकी इस समझ को मजबूती देता है। दिक्कत सामाजिक परिवेश में भी है, जहां एक महिला के लिए अपनी लड़ाई लड़ना मुश्किल होता है। लड़ाई में साथ देना तो दूर, उसे भावनात्मक समर्थन भी नहीं मिल पाता।**

गुलशन राय खत्री।।

ऐन चुनावों के बीच जिस तरह के संगीन आरोप लगे और विवाद खड़ा हुआ, उसके बाद हासन लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद, इन चुनावों में प्रत्याशी और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ की गई श्रवै की कार्रवाई स्वाभाविक ही कही जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि अगर अभी कर्नाटक में वोटिंग बाकी न होती और विपक्षी कांग्रेस के साथ ही सहयोगी बीजेपी का भी दबाव न होता, तब भी क्या पार्टी नेतृत्व का यही रवैया होता?

मंशा पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि इस मामले की सुगबुगाहट पिछले साल जून से थी। तब प्रज्वल रेवन्ना ने अदालत का रुख किया था। उन्होंने कोर्ट से मांग की थी कि उनसे जुड़े कुछ फेक विडियो हैं, जिन्हें पब्लिश करने से मीडिया संस्थानों को रोका जाए। कर्नाटक में बीजेपी का श्रवै के साथ गठबंधन है। हासन के एक स्थानीय बीजेपी नेता ने आम चुनाव से पहले अपनी पार्टी को इस मामले की जानकारी देते हुए आगाह किया था कि प्रज्वल और उसके पिता एचडी रेवन्ना को टिकट नहीं मिलना चाहिए।



विडियो सामने आने के बाद श्रवै के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी की प्रतिक्रिया भी निराश करने वाली रही। उन्हें इस मामले में बड़ी बात यही दिखी कि विडियो हासन में वोटिंग के पहले क्यों रिलीज किए गए। साथ ही, उनकी चिंता थी कि केस से देवेगौड़ा का नाम न जोड़ा जाए। आरोपी प्रज्वल ने जब विडियो पब्लिश होने से रोकने के लिए अदालत का रुख किया तो उनकी भी चिंता अपनी इमेज को लेकर थी। इन सबके बीच पीड़ित महिलाओं का दर्द कहीं खो जाता है। क्या उनकी इमेज के कोई मायने नहीं?

सबसे दुखद पहलू यह है कि इस पूरे प्रकरण का घटनाक्रम चौंकाता नहीं है। यह आम बात लगने लगी है – ताकतवर नेता, मजबूर महिलाएं और कमजोरों की अनदेखी करने वाला सिस्टम। हाल के कितने सारे मामले ध्यान में आ जाते हैं। कुछ ही समय पहले ऐसे ही आरोपों के साथ देश के जाने–माने और ओलिपिंक मेडल विनर पहलवान सड़क पर उतरे थे। उन्हें भी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा था।

इस तरह की घटनाओं का बार–बार होना बताता है कि कुछ ताकतवर लोग खुद को नियम–कानून से ऊपर समझते हैं और तंत्र अपने लुंज–पुज व्यवहार से उनकी इस समझ को मजबूती देता है। दिक्कत सामाजिक परिवेश में भी है, जहां एक महिला के लिए अपनी लड़ाई लड़ना मुश्किल होता है। लड़ाई में साथ देना तो दूर, उसे भावनात्मक समर्थन भी नहीं मिल पाता। जरूरी है कि इस मामले की तह तक जाकर सचाई का पता लगाया जाए और दोषी के खिलाफ जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करके इसे एक नजीर की तरह पेश किया जाए।

## अश्वत्थामा का सम्मान

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** ऋषि पुत्रों ने चावल के पानी को पहचानकर अश्वत्थामा का उपहास करना आरंभ कर दिया। तब अश्वत्थामा को पता लगा कि माता ने उसे अन्य वस्तु देकर बहका दिया था। वह जाकर कृपी की गोद में रोने लगा। कैसी असह्य वेदना हुई होगी कृपी को उस समय जबकि उसने निर्धनता के कारण अपने पुत्र से ही छल किया था। बाल्यावस्था के पश्चात यौवनावस्था तो अश्वत्थामा की पूर्ण वैभव के बीच कटी थी। द्रोणाचार्य को द्रुपद का आधा राज्य मिल गया था, फिर वे पांडवों और कौरवों के गुरु हो गए थे जिससे उनको अपार द्रव्य मिलता था। अश्वत्थामा ने एक बार कहा भी था कि मुझे किसी वस्तु का अभाव नहीं है, धन–धान्य, राज्य, संपत्ति सभी कुछ मेरे पास है। इसके पश्चात तो अश्वत्थामा का सम्मान बढ़ता ही चला गया, लेकिन महाभारत युद्ध के पश्चात फिर उसको दैव का अभिशाप सहना पड़ा।

# संपादकीय

## क्षेत्रों में अवसर बढ़े

औपचारिक और अनौपचारिक, अर्थव्यवस्था के दोनों ही क्षेत्रों में अवसर बढ़ रहे हैं। यहां तक कि नए फोकस क्षेत्र और वैल्यू एडिशन भी सामने आ रहे हैं। दुनिया ध्यान दे रही है कि हमारी डिजिटल रूप से सक्षम डिलिवरी ने बड़े पैमाने पर सोशल वेलफेयर सिस्टम (सामाजिक कल्याण प्रणाली) बनाया है, जिसकी पहले कल्पना नहीं की जा सकती थी। चाहे कोवैक्सीन हो या कोविन, 5जी स्टैक या यूपीआई, चंद्रयान या गगनयान मिशन, हम तेजी से वैश्विक मानकों से मेल बना रहे हैं। जैसे–जैसे भारत अपने निकट और दीर्घकालिक, दोनों भविष्यों के बारे में निर्णय लेने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, यह जरूरी है कि हम सभी इसे पूरी तरह से समझें कि दांव पर क्या लगा है। भारत न केवल दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है बल्कि यह पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है, जिसके जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है। दुनिया चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान करती है और उन्हें व्यापक रूप से संबोधित करने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ आत्मविश्वास और अनुभवी नेतृत्व की आवश्यकता है। जैसे ही हम अपनी राजनीतिक पसंद व्यक्त करते हैं, हम वैश्विक व्यवस्था की दिशा भी तय कर रहे होते हैं। दुनिया इंतजार कर रही है और उम्मीद कर रही है कि फैसला स्पष्ट और निर्णायक होगा।

ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन अ०र्गन एंड टिसू एक्ट 1994 के तहत ऑर्गन डोनेशन के लिए नियम तय किए गए हैं। इस कानून की धारा–9 नजदीकी रिश्तेदार द्वारा लिवर डोनेशन की इजाजत देती है।

# ज्यादा अनिश्चितताएं चीन के साथ

एस. जयशंकर।।

आज दुनिया में काफी उथल–पुथल मची है। कई देश कोविड महामारी से हुए सामाजिक–आर्थिक नुकसान से उबरने में लगे हैं। बीते तीन वर्षों से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष से ऊर्जा, खाद्य और खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ा है। अक्टूबर 2023 में इस्राइल पर हुए आतंकी हमले से पश्चिम एशिया में शुरू हुई लड़ाई गंभीर और व्यापक रूप ले सकती है। लाल सागर में ड्रोन और मिसाइल हमले वैश्विक शिपिंग को अस्त–व्यस्त कर रहे हैं। यहां तक कि अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती की नई लहर और खतरनाक हो गई है। एशिया में क्षेत्रीय दावे और कानूनों और समझौतों की अवहेलना ने नए तनाव पैदा कर दिए हैं। आतंकवाद की पुरानी चुनौतियां भले ही बढ़ती–घटती रही हों, लेकिन आज भी बरकरार हैं।

भारत के लिए ज्यादा अनिश्चितताएं चीन के साथ एलएसी पर दबाव, सीमा पार से आतंकवाद के खतरे और म्यांमार की सीमा पर अस्थिरता से बढ़ी हैं। हालांकि इनमें से प्रत्येक को उचित प्रतिक्रिया दी गई है। लेकिन कुल मिलाकर ये स्थितियां आने वाले दिनों में एक मजबूत, समझदार और सक्षम नेतृत्व की जरूरत को स्पष्ट करती हैं। कोविड युग ने अति–केंद्रीकरण के खतरों को प्रदर्शित किया है, चाहे वो निर्माण क्षेत्र हो या टैकनोलजी। महत्वपूर्ण और उभरती टेक्नॉलजी का दायरा इसे और गंभीर बना देता है। ऐसे में अच्छा यही होगा कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था भी जोखिम से मुक्त हो। ऐसा केवल विभिन्न क्षेत्रों में 'मेक इंडिया' को गति देने व लचीली और विश्वसनीय सप्लाई चेन से जुड़कर ही किया जा सकता है।



डिजिटल क्षेत्र में, भारत को एक विश्वसनीय और पारदर्शी देश के रूप में अपने रेकॉर्ड को और आगे ले जाना है। इसका मतलब हमें सेमीकंडक्टर क्षमताओं को बढ़ाना और सही डेटा पॉलिसी को अपनाना होगा। खुद को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ड्रोन, अंतरिक्ष और ग्रीन टेक्नॉलजी के युग के लिए भी तैयार करना होगा। साथ ही, देश की स्वास्थ्य, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना होगा। इसके लिए दूरदर्शी नेतृत्व की जरूरत है, जो टेक्नॉलजी की परिवर्तनकारी क्षमता को समझता हो और मजबूत विकास के लिए प्रतिबद्ध हो। जाहिर तौर पर सुधार से पहले के युग की विफल नीतियों की ओर वापसी को स्पष्ट रूप से किसी भी कीमत पर टाला जाना चाहिए।

यह स्वाभाविक है कि दुनिया भारतीय लोकसभा चुनाव में गहरी दिलचस्पी ले। आखिरकार यह मानव इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। यह चुनाव बाकी देशों के लिए एक बढ़ते प्रभाव वाले देश में आयोजित हो रहा है। इसके अलावा, हमारी चुनावी मशीनरी की क्वॉलिटी अन्य देशों के लिए उदाहरण है। महत्वपूर्ण है कि चुनाव में दिलचस्पी और हस्तक्षेप के बीच की रेखा को समझा जाए और उसका सम्मान किया जाए। ऐसे भी लोग होंगे जिनका वैचारिक वजहों से कुछ दलों में निहित स्वार्थ होगा। लेकिन जब अधिक जिम्मेदार लोग चुनिंदा मुद्दों पर टिप्पणी करते हैं, तो वे स्वयं के निहितार्थों को भी ध्यान में रखते हुए ऐसा कर सकते हैं। यह जीवन की सचाई है कि कई अन्य गतिविधियों की तरह ही राजनीति का भी वैश्वीकरण हो गया है। लेकिन, व्यवस्था की आलोचना करने वाले अपने घरेलू चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने के लिए अगर बाहरी ताकतों को आमंत्रित करते हैं तो इससे हमें कोई लाभ नहीं होगा।

### सूडोकु नवताल- 5346

*****

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भी आने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -5345 का हल



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## अपना ब्लॉग

### राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत पूर्वानुमान

**मोहन।** आज भारत अपने उम्दा बुनियादी ढांचे, बेहतर कारोबारी माहौल और अपेक्षित प्रतिभा की बदौलत आकर्षक निवेश गंतव्य है। लेकिन इसकी वजह हमारी राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत पूर्वानुमान है। पिछले दशक में जमीनी स्तर पर सुधार और डिलिवरी ही विदेशों में हमारी विश्वसनीयता के स्रोत रहे हैं। कई मायनों में वैश्वीकरण ने एक अंतरराष्ट्रीय वर्कप्लेस भी बनाया है, जिसका उपयोग भारत अपनी बेहतरी के लिए कर सकता है। इसके लिए हमारे कौशल बेस को बढ़ाना, मोबिलिटी समझौते करना और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा अहम तत्व हैं। स्टार्ट–अप्स में हमारी गहरी रुचि रही है, जो बीते दशक में नीतिगत प्रोत्साहनों की वजह से तेजी से बढ़े हैं। यह अमृत काल का पहला आम चुनाव है और युवाओं को इसके महत्व को पहचानना होगा। पिछले दशक ने हमें विकसित भारत के लिए गंभीरता से उम्मीद करने को एक आधार दिया है। हमारे विकास की नई गति को इसकी समावेशी प्रकृति और प्रौद्योगिकी की छलांग लगाने वाली क्षमता से बल मिला है। पहले के विपरीत, सुधार और आधुनिकीकरण को संकीर्ण रूप से परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन इसमें डोमेन की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।




## घाटकोपर होर्डिंग हादसे में कार्तिक आर्यन के मामा–मामी की मौत

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बीते 13 मई को मुंबई के घाटकोपर में हुए होर्डिंग हादसे में उनके मामा–मामी की मौत हो गई है। दोनों का शव आंधी–तूफान में हुए इस हादसे के 56 घंटे बाद बरामद हुआ है। दोनों जबलपुर के रहने वाले थे। कार्तिक भी नम आंखों के साथ गुरुवार को मामा–मामी को अंतिम विदाई देने के लिए मुंबई से जबलपुर पहुंचे। कार्तिक आर्यन के दिवंगत मामा मनोज चंसोरिया इंदौर एयरपोर्ट के पूर्व डायरेक्टर थे। वह अपनी पत्नी अनिता चंसोरिया के साथ जबलपुर के सिविल लाइंस स्थित मरियम चौक इलाके में रहते थे। बताया जाता है कि दोनों कार से मुंबई गए थे और सोमवार को वापस जबलपुर लौट रहे थे। इसी दौरान कार में तेल डलवाने के लिए वह पेट्रोल पंप पर रुके थे। तभी अचानक आए आंधी–तूफान ने उन्हें घेर लिया। कार्तिक आर्यन के मामा–मामी का लड़का यश अमेरिका में रहता है। मामा–मामी बेटे के पास जाने के लिए वीजा बनवाने के लिए मुंबई पहुंचे थे। दोनों को इसी रविवार को बेटे के पास जाना था। लेकिन आफत की आंधी में घाटकोपर में होर्डिंग गिरने से उनकी जान चली गई। इस हादसे में कुल 16 लोगों की मौत हुई है। घटनास्थल से दो और शवों को निकाला गया था। शिनाख्त करने पर पता चला कि ये दोनों कार्तिक आर्यन के रिश्तेदार हैं। जबलपुर में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां कार्तिक आर्यन भी मौजूद थे। बता दें कि घाटकोपर में हादसे वाली जगह पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है।

## अपनी भोली सूरत और तिकड़मबाजी लेकर वापस आ रहे हैं एडवोकेट माधव मिश्रा

सरल स्वभाव, भोली सूरत और तिकड़मबाज वकील माधव मिश्रा की वापसी हो रही है। जी हां, ओटीटी की दुनिया के पॉपुलर वेब सीरीज क्रिमिनल जस्टिस का चौथा सीजन आने वाला है। इसका 28 सेकेंड का फर्स्ट लुक टीजर भी आ गया है। इसमें कोर्ट की कार्यवाही के बीच वकील माधव मिश्रा यानी पंकज त्रिपाठी अपने खास अंदाज कहते हैं कि यहां नहीं, हम जल्द आ रहे हैं, वहां देखिएगा इत्मिनान से। ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नीहॉटस्टार ने अपनी क्राइम–ड्रामा सीरीज क्रिमिनल जस्टिस के चौथे सीजन की घोषणा करते हुए लिखा है, कोर्ट जारी है, और नए सीजन की तैयारी भी। आ रहे हैं माधव मिश्रा, क्रिमिनल जस्टिस के नए सीजन के साथ। इसके साथ 28 सेकेंड का टीजर जारी किया गया है। जिसमें कोर्ट की कार्यवाही के बीच कैमरा माधव मिश्रा यानी पंकज त्रिपाठी तक पहुंचता है। वो देखकर चौंक जाते हैं और कहते हैं, अरे क्या... शांत, कोर्ट जारी है... जाइए। अरे रुकिए, हम जल्द आ रहे हैं, वहां देखिएगा इत्मिनान से।


## राखी सावंत के गर्भाशय में 10 सीएम का ट्यूमर, सर्जरी

राखी सावंत बीते दो दिनों से अस्पताल में हैं। उन्हें सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद मंगलवार शाम को भर्ती किया गया है। अपनी बेबाक बयानी और अतरंगी ड्रामा के लिए मशहूर राखी के फैंस को एक्ट्रेस की अचानक तबीयत बिगड़ने से गहरा झटका लगा है। बुधवार शाम को राखी के पूर्व पति रितेश कुमार ने बताया था कि एक्ट्रेस की हालत गंभीर है और उनकी एंजियोग्राफी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा था कि राखी के गर्भाशय में ट्यूमर है। अब खुद राखी ने अपनी तबीयत का हाल बताया है। राखी ने कहा कि उनका यह ट्यूमर 10 सेमी का है और डॉक्टर्स अब सर्जरी कर इसे बाहर निकालने वाले हैं। राखी की ओर से जारी बयान में कहा गया है, मैं जल्द ठीक हो जाऊंगी। मेरी तबीयत ठीक नहीं है। डॉक्टर्स को मेरे गर्भाशय में 10 सेमी का ट्यूमर मिला है, जिसकी सर्जरी शनिवार को होगी। मैं अभी ज्यादा बात नहीं कर पा रही हूं। लेकिन रितेश आपको मेरे स्वास्थ्य की जानकारी देते रहेंगे। जब मेरी सर्जरी हो जाएगी तो मैं आपको वह ट्यूमर भी दिखाऊंगी। अभी मेरी ब्लड प्रेशर और बाकी चीजों को भी कंट्रोल में लाना है। मैं एक्टर हूं, डॉक्टर नहीं, इसलिए मुझे इन सब के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

# लंगोट में दौड़ने के बाद युद्ध में दहाड़ते कार्तिक आर्यन

*कार्तिक आर्यन चंदू चैंपियन के लिए अपने शानदार ट्रांसफॉर्मेशन से अपने फैंस को चौंका रहे हैं। कबीर खान की फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज होने के बाद से ही फैंस फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले दो दिनों में, मेकर्स ने फिल्म के बैक–टू–बैक 2 पोस्टर लॉन्च किए हैं, जिसमें एक्टर अपनी बॉडी और एब्स को दिखाते नजर आ रहे हैं। अब, कार्तिक ने फिल्म से 8 मिनट लंबे वॉर सीक्वेंस की एक झलक शेयर की है, और ये पहले वाले से भी ज्यादा शानदार है। कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर चंदू चैंपियन का एक नया पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में हम युद्ध के मैदान में एक्टर का इंटेंस अवतार देख सकते हैं। हाथ में बंदूक लेकर वह युद्ध के बीच में खड़े हैं और चीख रहे हैं।*




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**चंदू चैंपियन पोस्टर**

इस फोटो को शेयर करते हुए, कार्तिक ने लिखा, 8 मिनट लंबे सिंगल टेक वॉर सीक्वेंस की झलक। मेरे अब तक के करियर का सबसे प्राउड पल– गौरवशाली भारतीय सेना के एक सैनिक की भूमिका निभाना, चंदू चौंपियन के जीवन के कई पहलुओं में से एक !! भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम! चंदूचैंपियन। ट्रेलर कल आएगा।

**चंदू चैंपियन के बारे में**


चंदू चैंपियन एक सच्ची कहानी पर बेस्ड है, जिसमें कार्तिक



भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडल विनर मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म कथित तौर पर भारतीय सेना में लड़ते समय पेटकर की गंभीर चोटों में से एक को दिखाएगी और कैसे उन्होंने उस पर काबू पाया। चंदू चौंपियन में भुवन अरोड़ा, पलक लालवानी और एडोनिस कपसालिस भी लीड रोल्स में हैं। फिल्म 14 जून को रिलीज होगी।

# कटरीना कैफ के एक पोस्ट ने किया गुड न्यूज की तरफ इशारा

*बॉलीवुज एक्ट्रेस कटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी को ढाई साल हो गए हैं और दिसंबर में तीन साल भी हो जाएंगे। लेकिन उसके पहले कई बार एक्ट्रेस के प्रेग्नेंट होने की खबर आ चुकी है। एक बार फिर से ये हवा उड़ी है कि वह मां बनने वाली हैं। उनके लेटेस्ट पोस्ट के कारण ऐसा हुआ है।*



कटरीना कैफ और विक्की कौशल बॉलीवुड इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक हैं। इन्होंने शादी से पहले अपने रिश्ते की भनक किसी को भी नहीं लगने दी। मगर शादी के बाद एक–दूसरे के लिए ये अपना प्यार जताने में बिलकुल झिझकते नहीं। 16 मई को विक्की कौशल का बर्थडे था। इस मौके पर एक्ट्रेस और पत्नी कटरीना ने भी लेट नाइट पोस्ट किया। जिसमें एक चीज कॉमन थी। और वह नंबर 3 थी। जिससे उनकी प्रेग्नेंसी की चर्चा एक बार फिर से तेज हो गई। दरअसल, कटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी को तीन साल होने जा रहे हैं। दिसंबर, 2024 में तीन साल पूरे हो जाएंगे। और अब तक एक्ट्रेस के कई बार प्रेग्नेंट होने की खबर आ चुकी है। मगर हर बार वह अफवाह तक ही सीमित रह जाती है। अब विक्की के जन्मदिन के मौके पर उन्होंने एक्टर की तीन तस्वीरें पोस्ट कीं। इसके अलावा कैप्शन में भी 3 व्हाइट हार्ट और 3 केक्स पोस्ट किए।

**कटरीना कैफ के घर आ रहा है नन्हा मेहमान?**

अब इस तीन की गणित से लोगों ने अपने दिमाग के घोड़े दौड़ाने शुरू कर दिए। कहा जाने लगा कि एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं और अपने पहले बच्चा एक्सपेक्ट कर रही हैं। कटरीना इस समय लंदन में हैं और हाल ही में विक्की जब उनके पास गए तो वह उनके साथ मुंबई नहीं आईं। जो फोटोज एक्ट्रेस ने शेयर की हैं, वो वहीं के एक रेस्टोरेंट की है।

**कटरीना के प्रेग्नेंट होने की फिर उड़ी हवा**

अब लोगों का दावा है कि एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं और ये बात कपल छिपा रहा है। इसीलिए कटरीना लंदन में हैं। एक यूजर ने लिखा, क्यों ये तीन केक और तीन दिल लगाए हैं? ऐसा लग रहा है कि ये परिवार में किसी तीसरे सदस्य की तरफ इशारा कर रही हैं। एक ने लिखा, ये पक्का प्रेग्नेंट है। एक ने पूछा, 3–3–3 क्या कनेक्शन है? एक्ट्रेस के पास अभी कोई प्रोजेक्ट नहीं है लेकिन विक्की श्छावाश् और बैड न्यूज में दिखाई देंगे।

# एनीमिया से ज्यादा खतरनाक है ये बीमारी, कैंसर का भी है रिस्क

*अप्लास्टिक एनीमिया हार्मोन और खून से संबंधित एक दुर्लभ बीमारी है। इसे मयेलोडिस्प्लास्टिक सिंड्रोम के नाम से भी जाना जाता है। इसके लक्षणों को ज्यादा दिनों तक इग्नोर करने पर स्थिति बदतर हो सकती है। स्टेम सेल प्लांटेशन ही इसका एकमात्र उपचार है।*



शरीर में खून की कमी को एनीमिया से जोड़कर देखा जाता है। हीमोग्लोबिन का स्तर कम होने पर यह बीमारी होती है। अगर आपके शरीर में भी खून की कमी हो रही है, तो आप इसे सिर्फ एनीमिया समझकर इग्नोर न करें। हार्मोन और खून की कमी के कारण होने वाली यह समस्या अप्लास्टिक एनीमिया का संकेत हो सकता है। जी हां, यह बीमारी दो से तीन साल पहले ही अस्तित्व में आई है, जिसने डॉक्टर्स तक को हैरान कर रखा है। दरअसल, अप्लास्टिक एनीमिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर नए ब्लड सेल्स का उत्पादन बंद कर देता है। ज्यादा दिनों तक इसे नजरअंदाज किया जाए, तो यह बीमारी एनीमिया से ज्यादा घातक हो सकती है। आइए जानते हैं क्या होती है अप्लास्टिक एनीमिया, इसके कारण और लक्षणों के बारे में।

**अप्लास्टिक एनीमिया का कारण**

बोन मैरो के अंदर स्टेम सेल्स रेड सेल्स, व्हाइट सेल्स और प्लेटलेट्स बनाने का काम करती हैं। लेकिन अप्लास्टिक एनीमिया की स्थिति में स्टेम सेल्स को नुकसान पहुंचता है, जिससे बोन मैरो लगभग खाली हो जाता है। इसके चलते व्यक्ति में अनियंत्रित रक्त स्त्राव होता है और संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। कीमोथेरेपी, प्रेग्नेंसी, विषैले रसायनों के संपर्क में आना, वायरल इंफेक्शन, खास दवाओं का उपयोग, ऑटोइम्यून संबंधी समस्या, नॉन वायरल हेपेटाइटिस भी अप्लास्टिक एनीमिया के अन्य कारण हैं।

**कितने प्रकार का होता है अप्लास्टिक एनीमिया**

एक्वायर्ड अप्लास्टिक एनीमिया– जब व्यक्ति का इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है, तो एक्वायर्ड अप्लास्टिक एनीमिया की स्थिति बनती है। कीमोथेरेपी और एचआईवी वायरस का संक्रमण इसका मुख्य्य कारण है।

**इनहेरिटेड अप्लास्टिक एनीमिया**

यह स्थिति जीन डिफेक्ट के कारण बनती है। बच्चे और युवा सबसे ज्यादा इसका शिकार होते हैं। इससे ग्रसित लोगों को ल्यूकेमिया और कैंसर विकसित होने का खतरा ज्यादा रहता है।

**किसे हो सकता है अप्लास्टिक एनीमिया**

यह एक दुर्लभ स्थिति है, जो अचानक, धीरे–धीरे या समय के साथ बिगड़ सकती है। किसी भी उम्र का व्यक्ति इसका शिकार हो सकता है। लेकिन टीनएज के अंत और 20 वर्ष के लोगों में इसके होने की संभावना ज्यादा रहती है। पुरुष हो या महिला कोई भी इस समस्या से ग्रसित हो सकता है। विकासशील देशों में यह समस्या बहुत आम है।



## दूध या पानी, जानिए किसमें डालने से अमृत बन जाती है हल्दी

हल्दी हजारों सालों से भारतीय व्यंजनों का एक प्रमुख हिस्सा रही है। आयुर्वेद में सदियों से इसके औषधीय गुणों को महत्व दिया जाता रहा है। हल्दी का मुख्य सक्रिय तत्व कर्क्यूमिन है, जो कई स्वास्थ्य लाभों के लिए जिम्मेदार माना जाता है। हल्दी का इस्तेमाल खाने को स्वाद और रंग देने के लिए किया जाता है। एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि हल्दी को खाने के अलावा दूध और पानी में मिलाकर पीने से भी बराबर लाभ मिलता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि हल्दी पानी और हल्दी वाले दूध में से कौन ज्यादा फायदेमंद है? न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा के अनुसार, ये जानने के लिए दोनों के फायदों, नुकसानों और शरीर पर असर को ध्यान से समझाना जरूरी है। चलिए जानते हैं इन दोनों ऑप्शन में से आपके लिए क्या ज्यादा बेहतर है। हल्दी पानी बनाने में बस हल्दी पाउडर को पानी में मिलाया जाता है। हल्दी में पाया जाने वाला मुख्य तत्व कर्क्यूमिन है, जो अपने मजबूत एंटीऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों के लिए जाना जाता है। नियमित रूप से सेवन करने पर सूजन कम करने, इम्यूनिटी बढ़ाने और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। कर्क्यूमिन फायदेमंद तो है, लेकिन अकेले सेवन करने पर शरीर इसे पूरी तरह से अवशोषित नहीं कर पाता। यह पानी में घुलने वाला पदार्थ नहीं है और पाचन तंत्र से सीधे निकल सकता है।

## 140 पहुंच गया बीपी तो जल्दी खाना शुरू करें ये चीजें

हर साल पूरी दुनिया में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस यानी वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को हाई ब्लड प्रेशर के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन क्या है? यह तब होता है, जब रक्त वाहिकाओं पर बहुत अधिक दबाव (140ध्90 उउम्ह या उससे अधिक) पड़ता है। अगर इसका इलाज न किया जाए तो यह गंभीर और जानलेवा बीमारियों जैसे हृदय रोग, दिल का दौरा, स्ट्रोक या किडनी खराब होने का कारण बन सकता है, इसलिए इसका तुरंत इलाज जरूरी है। ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखने के लिए क्या करें? आप अपने खानेपीने में बदलाव करके हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकते हैं। साबुत अनाज फाइबर और अन्य पोषक तत्वों का अच्छा स्रोत होते हैं, जो रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकते हैं। अपने आहार में ब्राउन राइस, जौ, ओट्स और किनोआ जैसी चीजों को शामिल करें। मछली, खासकर तैलीय मछली जैसे सैल्मन, टूना और मैकेरल, ओमेगा–3 फैटी एसिड से भरपूर होती हैं, जो रक्तचाप को कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।

## दिल के मरीज गलती से भी न खाएं य चीजें, बढ़ सकता है अटैक का खतरा



दुनियाभर में हार्ट अटैक के मरीजों का संख्या बढ़ती जा रही हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन उनमें से अधिकतर कारक में खराब लाइफस्टाइल और डाइट शामिल है। डाइट में कई गई छोटी–छोटी गलतियां कई बार हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकती हैं। इसलिए दिल के मरीज क्या खाते हैं और क्या नहीं, ये दोनों ही बातें बहुत महत्वपूर्ण हैं। हार्ट के लिए मरीजों को अपनी डाइट में उन चीजों को रखना चाहिए, जो कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकते हैं। मैदे का सेवन दिल के मरीजों के लिए हानिकारक होता है। यह हाई कैलोरी होने के साथ फैट और कोलेस्ट्रॉल दोनों को बढ़ाता है। जिससे हार्ट अटैक होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए मैदे से बनी चीजें खाने से बचें। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार अंडे के पीले भाग में पोषक तत्वों के साथ फैट की भी अधिक मात्रा होती है, जिससे कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए हार्ट के मरीजों को अंडे के पीले भाग की मात्रा का कम सेवन करना चाहिए। अंडे के पीले भाग को अधिकतम सप्ताह में एक–दो बार खा सकते हैं, वो भी सिर्फ एक अंडे का पीला भाग। अधिक मात्रा में कॉफी का सेवन करना हार्ट के मरीजों के लिए हानिकारक हो सकता है।

# गर्मियों में सुबह दूध की नहीं, पिएं इन चीजों से बनी चाय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



*चाहे गर्मी हो या सर्दी, कुछ लोगों को सुबह उठकर सबसे पहले कड़ाकेदार चाय पीना पसंद करते हैं, जो पेट के स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है।सुबह खाली पेट जो भी खाते–पीते हैं, उसका प्रभाव हमारे शरीर पर सबसे ज्यादा होता है। इसलिए सुबह उठकर उन चीजों का सेवन करें, जिससे आपको फायदा मिले। सुबह खाली पेट दूध वाली चाय पीने से आपको एसिडिटी, पेट दर्द, ब्लोटिंग और मतली जैसी समस्या हो सकती है। दिन की शुरुआत दूध वाली चाय की जगह नेचुरल टी, जैसे कि लेमन टी, जिंजर टी और ग्रीन टी आदि से शुरुआत की जा सकती हैं। ये हाई एंटीऑक्सीडेंट टी आपको फ्री रेडिकल्स से होने वाले डैमेज से बचाने के साथ इम्यूनिटी को भी स्ट्रांग बनाते हैं और आपकी एनर्जी को भी बूस्ट करते हैं।*

**लेमन टी**

नींबू की चाय पाचन के लिए अच्छी होती है और सेहत के लिए इसके कई फायदे हैं। यह बॉडी डिटॉक्स भी करती है। इसे बनाने के लिए गर्म पानी में नींबू का रस मिलाएं और तो थोड़ा शहद मिलाएं। आपकी चाय तैयार है।

**जिंजर टी**

अदरक की चाय के भी सेहत के लिए अपने कई फायदे हैं। इसमें एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो पेट की समस्याओं को दूर करते हैं। इसे बनाने के लिए गर्म पानी में अदरक के टुकड़े डालकर बॉयल कर लें। फिर इसे छानकर, इसमें नींबू का रस मिलाकर पीएं।



**ग्रीन टी**

शरीर में एंटीऑक्सीडेंट को बढ़ाने के लिए ग्रीन टी के बहुत फायदे हैं। यह चाय मेटाबॉलिज्म को भी बूस्ट करती है। इसे बनाने के लिए कप गर्म पानी में ग्रीन टी बैग और नींबू का रस डालें।

**मिंट टी**

पुदीना वाली चाय पेट के लिए बहुत अच्छी होती है। इसमें मौजूद मेंथॉल आपको ठंडक का एहसास देता है और मानसिक थकान को भी दूर करता है।इसे बनाने के लिए पुदीने के पत्ते गर्म को पानी में डालकर उबाल लें। फिर इसे छानकर और शहद मिक्स करके पीएं।

**कैमोमाइल टी**

कैमोमाइल टी दिमाग को शांत करने के साथ तनाव को कम करने में मदद करती है। इसे बनाने के लिए कैमोमाइल टी बैग को गर्म पानी में 5–10 मिनट के लिए डिप कर दें और फिर इसे छानकर पीएं।



**गजब है फैन फॉलोइंग**

कोहली की फैन फॉलोइंग काफी है। उनके फैंस हर जगह हैं। अगर वाकई में कोहली बिना सिक्योरिटी ऐसे ही सड़क पर घूमने निकल आएं तो लोग उन्हें घेर लेंगे और उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए उतावले हो जाएंगे। कोहली इस बात को जानते हैं और इसलिए वह अपने घर से बिना कार के नहीं निकलते हैं।

# करोड़ो रुपये होने के बाद भी नहीं कर पा रहे एक काम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली के पास किसी चीज की कमी नहीं है। उनके पास करोड़ों रुपये हैं। एक से एक कार हैं। कोहली जो चाहें वो खरीद सकते हैं,जो चाहे वो कर सकते हैं। लेकिन ये स्टार बल्लेबाज अपनी एक ख्वाहिश पूरी नहीं कर पा रहा है। कोहली एक चीज को काफी मिस कर रहे हैं और काफी चाहने के बाद भी वह इस कमी को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। कोहली ने बात का खुलासा किया है। विराट कोहली इस समय आईपीएल–2024 में खेल रहे हैं और शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। इस बल्लेबाज से उम्मीद है कि जून में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप में उनका बल्ला चले और वह टीम को खिताब दिलाने में अहम रोल निभाएं। विराट कोहली ने बताया है कि उन्हें भारत की सड़कों पर घूमना पसंद है लेकिन वह चाहकर भी ये काम नहीं कर पा रहे हैं। कोहली चाहते हैं कि वह सड़कों पर निकलें और घूमें लेकिन वह जानते हैं कि अगर वह ऐसा करते हैं तो फिर लोग उन्हें घेर लेंगे और उनका चलना मुश्किल हो जाएगा। कोहली ने कहा, ष्अगर एक काम मैं कर सकूंगा तो, मैं कार नहीं लूंगा, न ही स्कूटी, मैं सिर्फ पैदल चलूंगा। मैं हाल के समय में भारत की सड़कों पर पैदल नहीं चला हूं। इस बात को मैं काफी मिस करता हूं।

# अपनी किस्मत के खुद मालिक हैं रोहित शर्मा

## कोच मार्क बाउचर ने 'हिटमैन' संग हुई बातचीत का किया खुलासा

**क्रिकेट**



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार के साथ ही खत्म हुआ। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने अंक तालिका में सबसे आखिरी स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट से विदाई ली। मौजूदा सीजन में रोहित शर्मा की फॉर्म चिंता का विषय जरूर रही, लेकिन वह मुंबई इंडियंस की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर रहे।

लखनऊ के खिलाफ खेले गए मैच के बाद वानखेड़े के मैदान पर रोहित शर्मा जब पवेलियन की ओर लौट रहे थे तो दर्शकों ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया और तभी से ये काफी चर्चा होने लगी कि रोहित मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ने वाले हैं। इस बीच मुंबई इंडियंस के कोच मार्क बाउचर ने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया। उन्होंने बताया कि हिटमैन के साथ उनकी भविष्य को लेकर क्या बात हुई?

दरअसल, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस को 18 रन से हार मिली। इस मैच के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान मार्क बाउचर ने रोहित शर्मा और मुंबई इंडियंस को लेकर चल रही अटकलों पर चुप्पी तोड़ी। जब वानखेड़े के मैदान पर रोहित पवेलियन लौट रहे थे, तो फैंस ये कयास लगाने लगे की नीली जर्सी में रोहित का ये मुंबई इंडियंस के लिए आखिरी मैच रहा और हो सकता है कि वह अब मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ सकते हैं।

इस बीच मार्क बाउचर ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो रोहित के भविष्य के बारे में अभी कुछ ज्यादा बातचीत नहीं हुई। मेरी उनसे बात हुई थी और मैंने उनसे पूछा कि आगे आप क्या सोच रहे हैं? इस पर रोहित ने कहा कि वो टी20 विश्व कप के बारे में सोच रहे हैं, जो सही है।

मार्क बाउचर ने आगे कहा कि मेरे लिए रोहित अपनी किस्मत के खुद मालिक हैं। अगले सीजन के लिए बड़ी नीलामी होनी है और किसी को नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है।

आईपीएल 2024 के लिए मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पांड्या को टीम की कमान सौंपी। रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस के लिए मौजूदा सीजन में 14 पारियों में 32 के औसत से 427 रन बनाए, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल रहे।

# 14 गेंद में अर्जुन की फिटनेस जवाब दे गया, बीच में छोड़नी पड़ी बॉलिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस का अंत बहुत ही निराशाजनक रहा है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में टीम को अंतिम लीग मैच में भी लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ 18 रन से हार मिली। इस मैच में कप्तान हार्दिक पंड्या ने युवा ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल किया था। अर्जुन ने गेंदबाजी में अच्छी शुरुआत भी की थी, लेकिन अपने स्पेल के तीसरे ही ओवर में उन्हें रिटायर हर्ट होकर वापस पवेलियन जाना पड़ा गया।

यह ना सिर्फ अर्जुन के लिए निराश करने वाला रहा था, बल्कि मुंबई इंडियंस के लिए भी एक बड़ा झटका साबित। ऐसे में

■ मांसपेशियों में अर्जुन तेंदुलकर को आया था खिंचाव

सवाल यह उठता है कि आखिरी ऐसा क्या हुआ कि सिर्फ 14 गेंद की बॉलिंग में अर्जुन मैदान छोड़ना पड़ गया। अर्जुन को इस सीजन में पहली बार खेलने का मौका मिला था, लेकिन वह उसे नहीं भुना पाए। मुंबई इंडियंस में एक से बढ़कर एक धाकड़ खिलाड़ियों की फौज है। यही कारण हैं कि अर्जुन को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिल पाती है।

आईपीएल 2024 में अर्जुन जब बॉलिंग कर रहे थे तो वह काफी अच्छे लय में दिख रहे थे। सटीक लाइन और लेंथ के साथ वह अच्छी के गति के साथ बॉलिंग कर रहे थे। उनका बॉलिंग रनअप भी पहले से काफी बेहतर दिख रहा था, लेकिन मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अर्जुन तेंदुलकर लगातार खुद को पुश करने की कोशिश में चोटिल कर बैठे।

वानखेड़े के उमस भरी गर्मी में उनका बुरा हाल हो गया था, यही कारण है कि अर्जुन को हैमस्ट्रिंग की शिकायत आई और उन्हें वापस पवेलियन लौटना पड़ गया। अर्जुन पिछले सीजन में भी मुंबई इंडियंस के लिए मैदान पर उतरे थे। उन्होंने आईपीएल 2023 में कुल 4 मैच खेले जिसमें उन्होंने तीन विकेट भी लिए। हालांकि, अर्जुन को बैटिंग में बहुत अधिक मौका नहीं मिल पाया।

## हार के साथ ही हार्दिक पंड्या पर गिरी गाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के अंतिम लीग मैच में मुंबई इंडियंस को मिली हार के बाद कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी गाज गिरी है। हार्दिक पंड्या पर स्लो ओवर रेट के लिए फाइन लगाया गया है। इस सीजन में हार्दिक तीसरी बार स्लो ओवर रेट के मामले में दोषी पाए गए हैं। इसलिए उन पर 30 लाख का जुर्माना लगा है। चूंकि यह आईपीएल के नियमों के उल्लंघन का उनकी टीम का सीजन का तीसरा मामला था, इसलिए पांड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और उन्हें टीम के अगले मैच में खेलने से भी रोक दिया गया है। बाकी खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर भी जुर्माना लगाया गया है। हर खिलाड़ी पर या तो 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है या फिर उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जो भी कम हो। इस सीजन में मुंबई पहली टीम बनी थी जो प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई थी।

## न्यूज डायरी



## आईपीएल दुनिया का सर्वश्रेष्ठ घरेलू टूर्नामेंट हैः लैंगर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज और कोच रह चुके जस्टिन लैंगर ने भारती टीम के कोच बनने पर अपना बयान दिया है। लैंगर का मानना है कि भारत का कोच बनना क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है और अगर टाइमिंग सही नहीं हो तो यह काफी थकाऊ काम हो सकता है। आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच रहे लैंगर से कई बार पूछा गया है कि क्या वह भारत का कोच बनने के इच्छुक हैं चूंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। लैंगर ने एक सवाल के जवाब में कहा, यह क्रिकेट का सबसे बड़ा काम है, भारतीय टीम का मुख्य कोच बनना। उन्होंने कहा, एक तो इतना अधिक क्रिकेट हो रहा है और दूसरा अपेक्षाओं का भारी दबाव। यह काफी चुनौतीपूर्ण है लेकिन रोमांचक भी होगा। उन्होंने कहा, इसके लिए टाइमिंग सही रहने की जरूरत है। मैं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ करीब चार साल था। ये काफी थकाऊ काम है। उन्होंने कहा, राहुल द्रविड़ भी यही कहेंगे और रवि शास्त्री भी यही कहेंगे। भारतीय टीम के लिए जीतने का दबाव बहुत ज्यादा है। उम्मीद है कि जो भी अगला कोच होगा, वह इसे लेकर काफी रोमांचित होगा। लैंगर ने आईपीएल के दबाव की तुलना विश्व कप से करते हुए कहा कि यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ घरेलू लीग है। उन्होंने कहा, यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ घरेलू टूर्नामेंट है। इतनी कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इतने अच्छे खिलाड़ी और टीमें हैं। प्रदर्शन का भारी दबाव रहता है।

## तूफानी फिफ्टी के साथ हार का गम, फील्डिंग में लड़ा दी जान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और आरसीबी के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर शेयर एक वीडियो में अपनी निजी जिंदगी और टीम के हालिया प्रदर्शन के बारे में खुलकर बात की। दानिश सैत द्वारा निभाए गए किरदार मिस्टर नैग्स से बात करते हुए कोहली ने अपनी बेटी वामिका के बारे में दिल को छू लेने वाली जानकारी दी। जब उनसे उनके बच्चों के बारे में पूछा गया तो कोहली ने तुरंत अपने बच्चों के बारे में ताजा जानकारी साझा की। जब कोहली से उनके नवजात बेटे अकाय के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा– बच्चा अच्छा है, स्वस्थ है। सब कुछ ठीक है, शुक्रिया! इसके बाद उन्होंने वामिका की क्रिकेट में बढ़ती दिलचस्पी के बारे में बात की। उन्होंने कहा– मेरी बेटी ने बल्ला उठा लिया है और उसे बल्ला घुमाने में बहुत मजा आ रहा है। लेकिन मुझे यकीन नहीं है (वह क्रिकेटर बनेगी)। आखिरकार यह उसकी पसंद होगी। आईपीएल में आरसीबी के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करते हुए कोहली ने टीम के हालिया प्रदर्शन पर संतुष्टि जताई। कोहली ने टीम की वापसी और उनके समर्थकों पर इसके सकारात्मक प्रभाव को दर्शाते हुए कहा– मई का महीना बहुत अच्छा रहा है। अप्रैल में मुझे लगा कि हम बहुत ही पीछे हो रहे हैं हैं। मई में हमें सूरज की रोशनी की किरण मिली। हमें खुशी है कि हमने प्रशंसकों को फिर से खुश किया।

## 17वें सीजन में पैसा वसूल रहे ये अनकैप्ड खिलाड़ी, दिया टीम को बंपर रिटर्न

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2024 मुंबई इंडियंस के लिए बहुत ही खराब रहा। फ्रेंचाइजी नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरी थी, लेकिन 14 लीग मैचों में से उसे सिर्फ 4 में जीत मिल पाई। टीम पॉइंट्स टेबल में अंतिम स्थान पर रही। टीम के इस खराब प्रदर्शन के साथ कई विवाद भी उसके साथ जुड़े। खास तौर से पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की तो पूरे सीजन में खूब चर्चा हुई। इस सीजन में रोहित शर्मा ने 417 रन बनाए। रोहित मुंबई के लिए सबसे सफलतम कप्तानों में से एक एक रहे हैं। टीम ने उनकी अगुवाई में 5 बार ट्रॉफी को अपने नाम किया। ऐसे में यह माना जा रहा है कि कप्तानी से हटाए जाने के बाद रोहित अब अगले सीजन में मुंबई के लिए नहीं खेलेंगे। ऐसे में मुंबई के लिए इस सीजन में उनकी अर्धशतकीय पारी को इन 5 तस्वीरों में देखिए। मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के अंतिम मैच में 68 रनों की धमाकेदार पारी खेली। अपनी इस पारी में रोहित ने 38 गेंद का सामना किया जिसमें 10 चौके और 3 छक्के भी लगाए। इस पारी में रोहित शर्मा अपने बेहतरीन लय में दिख रहे थे। बैटिंग से पहले रोहित शर्मा ने फील्डिंग में अपनी जान लड़ा दी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने रखा नगर निगम की सभी सीटें जीतने का लक्ष्यः महेंद्र भट्ट

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने शनिवार को बलवीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि पार्टी निकाय चुनावों में नगर निगम की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। कुमाऊं दौरे से लौटने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए भट्ट ने कहा कि सात दिन में उन्होंने 35 निकायों में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ चुनावों को लेकर चर्चा की। जिसमें नगर निकाय एवं निगमों की चुनाव तैयारियों की जानकारी लेने के साथ ही आगे के लक्ष्य भी तय किए गए। उन्होंने कहा कि पार्टी अधिक से अधिक लोगों की चुनावों में भागीदारी सुनिश्चित करने पर फोकस कर रही है। जिसके लिए मतदाता सूची में सुधार के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम में पार्टी पूरी सक्रियता के साथ भागीदारी निभा रही है।

### ऋषिकेश में हाईकोर्ट की बैंच को विधायकों का समर्थन

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के विधायकों ने आईडीपीएल ऋषिकेश में हाईकोर्ट की बेंच खेलने को लेकर अपना समर्थन दिया है। शनिवार को विधायक कचहरी में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मिले। जल्द इस संबंध में मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी। शनिवार को विधायक रायपुर उमेश शर्मा काऊ, राजपुर विधायक खजानदास, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, कैंट विधायक सविता कपूर कचहरी पहुंचे और एसोसिएशन से वार्ता की।

### अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता व सेमिनार का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर उत्तराखंड संस्कृति विभाग, संस्कार भारती उत्तराखंड प्रांत, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, महादेवी कन्या महाविद्यालय ने उत्तराखंड के इतिहास, साहित्य, संस्कृति, पुरातत्व, मानव विज्ञान, पारंपरिक पहाड़ी स्थापत्य शैली पर आधारित प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता तथा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन न्यू रोड स्थित एमकेपी महाविद्यालय में किया गया।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने नए युग के तहत लागू की नई कॉर्पोरेट पहचान

**संवाददाता** देहरादून। जहाँ एक ओर स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने ऑल–न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा कर दी है और आगामी समय में इसके कई प्रॉडक्ट एक्शन्स जल्द होने वाले हैं, वहीं दूसरी ओर भारत में अपने नए युग के तहत अपने नेटवर्क और ग्राहकों को मजबूती देने पर कंपनी लगातार फोकस कर रही है। ब्रांड ने अपने फिजिकल एसेट्स में नई कॉर्पोरेट पहचान को लागू करने की घोषणा की है।

# श्रद्धालुओं का सहभागी बनकर यात्रा संपन्न करवानी हैः सीएम

**समीक्षा**

■ मुख्यमंत्री धामी ने जनता से फीडबैक लेकर, अधिकारियों को दिए निर्देश

■ मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली से चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध की समीक्षा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध की समीक्षा करते हुए चार धाम ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आने वाले साल में भी चार धाम यात्रा और अधिक बढ़ने वाली है। चारधाम यात्रा, कावड़ यात्रा, पूर्णागिरी यात्रा सहित प्रदेश के अंदर संपन्न होने वाली विभिन्न यात्राओं के कुशल प्रबंधन और संचालन हेतु आवश्यकता अनुसार यात्रा प्राधिकरण की ओर भी विचार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में प्रवेश कर रहे प्रत्येक श्रद्धालु को चार धाम के दर्शन करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमने श्रद्धालुओ का सहभागी



बनकर यात्रा संपन्न करवानी है। उन्होंने यात्रा को लेकर अधिकारियों को हमेशा अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने होल्डिंग पॉइंट्स पर सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालयों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। अत्यधिक भीड़ बढ़ने पर गाड़ियों की निकासी हेतु वैकल्पिक मार्गों पर विचार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने बताया कि बीते शुक्रवार को बद्रीनाथ धाम में करीब 13000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। उनके द्वारा हेमकुंड साहिब यात्रा का भी पैदल मार्गो से निरीक्षण किया गया है। जहां सभी व्यवस्थाओं को यात्रा से पहले पूर्ण कर लिया जायेगा। जिला अधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान



सिंह बिष्ट ने बताया कि बीते शुक्रवार को 15800 यात्रियों ने यमुनोत्री धाम के दर्शन किए, साथ ही गेट सिस्टम के माध्यम से निरंतर यमुनोत्री और गंगोत्री को श्रद्धालु भेजे जा रहे हैं। विभिन्न होल्डिंग पॉइंट्स पर प्रशासन द्वारा सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

यात्रा पैदल मार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल तैनात किये गये है, जो किसी भी यात्री के बीमार या घायल होने की स्थिति में सूचना प्राप्त होते ही सुरक्षा बलों की टीमें घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल तीर्थ यात्रियों का रेस्क्यू कर उपचार हेतु नजदीकी एम.आर.पी. में पहुंचाया जा रहा है, जहां तीर्थ यात्रियों का तत्परता से उपचार किया जा रहा है तथा गंभीर स्थिति के तीर्थ यात्रियों को हायर सेंटर उपचार हेतु रेफर किया जा रहा है।

बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु , सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, जिलाधिकारी हरिद्वार श्री धीराज गर्बयाल, जिला आधिकारी टिहरी मयूर दीक्षित, जिला आधिकारी रुद्रप्रयाग सौरव गहरवार, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी छुट्टियों एवं वीकेंड के दृष्टिगत भी सभी तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तरकाशी के जिलाधिकारी एवं प्रशासन से आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी अधिकारी ग्राउंड में जाकर श्रद्धालुओ से फीडबैक भी लें ताकि समय रहते छोटी कमियों को भी दूर किया जाए ।

# अगर बस्तियों के चिन्हित मकान तोड़े गए तो होगा उग्र आंदोलन

**ऐलान**

■ उत्तराखंड बस्ती विकास परिषद ने मालिकाना हक देने को उठाई आवाज

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड मलिन बस्ती विकास परिषद ने शनिवार को सुभाष रोड स्थित वेडिंग प्वांइट में बैठक बस्तियों को तोड़ने से बचाने के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष का ऐलान किया। परिषद ने बस्तियों के नियमितीकरण की मांग उठाई। साथ ही चेताया कि अगर बस्तियों के चिन्हित मकान तोड़े गए तो उग्र आंदोलन होगा। 22 मई को परिषद के अध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना की अगुवाई में कांग्रेस मुख्यालय से नगर निगम कूच की

**कांग्रेस मुख्यालय से नगर निगम तक कूच करने का ऐलान**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूर्यकांत धस्माना ने बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और लोगों की सहमति से 22 मई को कांग्रेस मुख्यालय से नगर निगम तक कूच करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि 2018 में सरकार बस्तियों को हटाने का आदेश जारी किया था। कांग्रेस ने इसके विरोध में मुख्यमंत्री आवास कूच किया। फिर सरकार अध्यादेश लेकर आई। उन्होंने कहा कि सरकार बस्तियों के लोगों के मालिकाना हक दे।

भी घोषणा बैठक में की गई।

करीब तीन दशक पुराने संगठन उत्तराखंड मलिन बस्ती विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि बस्तियों को मालिकाना हक दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बस्तियों की लड़ाई को बड़ी ईमानदारी से लड़ा है और इस बार भी पार्टी पूरी ताकत से मलिन बस्ती वासियों के साथ खड़ी है। पूर्व पार्षद जगदीश धीमान ने कहा कि स्व इंदिरा गांधी ने देश की बंजर व बेकार पड़ी भूमि पर गरीब और भूमिहीन लोगों को झोपड़ी बनाने का अधिकार दिया था। निवर्तमान पार्षद इलियास अंसारी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी परिषद ने बस्तियों को बचाने की पहल की है। पूर्व पार्षद ललित भद्री ने कहा कि देहरादून की सभी विधान सभाओं में बस्तियां हैं। इसलिए सभी को मालिकाना हक दिलाने के लिए लड़ाई लड़नी चाहिए। इस दौरान निवर्तमान पार्षद ऐतात खान, मुकीम अहमद, संगीता गुप्ता, पूर्व पार्षद राम सुख, कांग्रेस पार्टी के नेता एसबी थापा, अनिल कुमार, अवधेश कथिरिया, हरेंद्र बेदी, सरदार जसविंदर सिंह, जया गिलानी, सुमन जखमोला, शुभम सैनी, राइस फातिमा, यामीन खान, अनुज दत्त शर्मा, प्रवीण कश्यप, प्रवीण भारद्वाज आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन उत्तराखंड मलिन बस्ती विकास परिषद के महामंत्री दिनेश कौशल ने किया।

### भाजपा की जनविरोधी नीतियों को विरोध करेगी कांग्रेसः जोशी

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नवीन जोशी ने निकाय चुनाव को लेकर शनिवार को रायपुर विधानसभा क्षेत्र के सहस्त्रधारा में स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार अपनी हार को देखते हुए निकाय चुनावों को टाल रही है, निकायों में प्रशासकों को बैठाकर अपना कब्जा करना चाहती है, जिसका कांग्रेस पार्टी जबरदस्त विरोध करेगी। उन्होंने कहा भाजपा सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों को छुपाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना कर जनता की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। सरकार ने दस वर्षों के कार्यकाल में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सिलेंडर तथा खाद्य पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी की है और आज महंगाई चरम पर है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।